S.Q

[A-20] No. of printed pages: 2

SARDAR PATEL UNIVERSITY
S. Y. B. A. (External) Examination
Monday, 07th May 2018
2.00 pm - 5.00 pm
HIN-204 : हिन्दी साहित्य (मुख्य और गौण) हिन्दी कथा साहित्य

कुल अंक : १००

नोट : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अपेक्षित है ।

प्रश्न: १ निम्नलिखित की ससंदर्भ व्याख्या लिखिए । (१८)

(क) आदमी दो बूँद गंगाजल के लिए तरसता है, और यहाँ तो सड़कों तक की गंगाजल से धुलाई होती है। इस शहर को छोड़कर मैं नहीं जाऊँगा, मैंने तभी सोच लिया था।

अथवा

(क) शायद पाकिस्तान का निर्माण ही सही होगा। लोगों को बदलना बहुत मुश्किल दिखता है।

(ख) पैंतीस साल का आदमी बूढ़ा नहीं कहलाता, अगर लड़की के भाग्य में सुख भोगना बदा है तो जहाँ जायेगी सुखी रहेगी, दुःख भोगना है तो जहाँ जायेगी दुःख झेलेगी।

अथवा

(ख) यहाँ मैं जानती हूँ कि अगर उसके मन में पाप होता तो मैं उसके लिए सब कुछ कर सकती थी।

(ग) जब उन्हें होश आया, ड्योढ़ी का परदा आँगन में सामने पड़ा था परंतु उसे उठाकर फिर से लटका देने का सामर्थ्य उनमें शेष न था । शायद अब इसकी आवश्यकता भी न रही थी। परदा जिस भावना का अवलम्ब था, वह मर चुकी थी।

अथवा

(ग) लोग भी क्या कहेंगे कि रिफ्यूजी बच्चा दुकान करने लगा तो दिल आत्मा भी बेचकर खा गया।

प्रश्न: २ 'कलिकथा : वाया बाइपास' उपन्यास की समस्या पर प्रकाश डालिए। (१६)

अथवा

प्रश्न: २ 'कलिकथा : वाया बाइपास' उपन्यास की कथावस्तु की विशेषताएँ लिखिए। (१६)

प्रश्न: ३ 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर गजाधर बाबू का चरित्र चित्रण कीजिए। (१६)

अथवा

प्रश्न: ३ 'निर्मला' उपन्यास की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए। (१६)

प्रश्न: ४ 'अकेली' कहानी की समीक्षा कीजिए। (१६)

अथवा

प्रश्न: ४ 'पिता' कहानी की विशेषताएँ लिखिए। (१६)

प्रश्न: ५ टिप्पणी लिखिए । (१६)

(क) उपन्यासकार जयशंकर प्रसाद **अथवा** कहानीकार जैनेन्द्रकुमार

(ख) कहानीकार यशपाल **अथवा** अमृतलाल नागर का सामान्य परिचय

प्रश्न: ६ निम्नलिखित में से १८ प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए। (१८)

(१) अलका सरावगी को कौन-सा पुरस्कार मिला है?
(२) किशोर बाबू के मित्र का क्या नाम है?
(३) अलका सरावगी के एक उपन्यास का नाम लिखिए।
(४) 'एक ब्रेक के बाद' किसका उपन्यास है?
(५) निर्मला के पति का क्या नाम है?
(६) निर्मला की बहन का क्या नाम है?
(७) 'गोदान' उपन्यास के लेखक कौन हैं?
(८) प्रेमचंद का पहले क्या नाम था?
(९) 'पिता' कहानी के लेखक कौन हैं?
(१०) उदय प्रकाश की एक कहानी का नाम लिखिए।
(११) यशपाल की एक कहानी का नाम लिखिए।
(१२) प्रेमचंद की एक कहानी का नाम लिखिए।
(१३) जयशंकर प्रसाद के एक उपन्यास का नाम लिखिए।
(१४) भगवती चरण वर्मा के एक उपन्यास का नाम लिखिए।
(१५) अमृतलाल नागर के एक उपन्यास का नाम लिखिए।
(१६) यशपाल के एक उपन्यास का नाम लिखिए।
(१७) जैनेन्द्र कुमार के एक उपन्यास का नाम लिखिए।
(१८) 'एक गौ' कहानी में गाय का क्या नाम है?
(१९) अज्ञेय की एक कहानी का नाम लिखिए।
(२०) 'कितने पाकिस्तान' के लेखक कौन हैं?
(२१) 'अकेली' कहानी के लेखक कौन हैं?